# राष्ट्रीय सेवा योजना

**( प्रथम एवं द्वितीय इकाई)**

**सत्र: 2023-24**

# वार्षिक आख्या

# शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, माधवपुरम, मेरठ

राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एक केंद्रीय योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से छात्राओं / विद्यार्थियों में व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति कर्तव्यता का विकास करना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है "**Not Me But You**" स्वयं के हित से पहले दूसरों का हित देखो एवं स्वयं के कल्याण से पहले दूसरों का कल्याण करो। इसी भावना से ओत प्रोत, राष्ट्रीय सेवा योजना शैक्षिक वातावरण में युवा वर्ग को समाज सेवा के लिए प्रेरित कर रहा है। छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, समाज एवं राष्ट्र के प्रति उनका उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने हेतु, शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ में (वर्ष 2003 में प्रथम इकाई एवं वर्ष 2016 में द्वितीय इकाई) कुल दो इकाइयां संचालित है। दोनों इकाइयों में 100 प्रति इकाई अतः कुल 200 स्वयं सेविकाएं 02 वर्ष की अवधि में 240 घंटे का सामुदायिक कार्य करना सुनिश्चित करती हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की संरक्षिका महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.( डॉ.) अंजू सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. स्वर्णलता कदम, प्रथम इकाई व डॉ. पूनम भंडारी, द्वितीय इकाई के नेतृत्व में महाविद्यालय की सभी छात्राएं सभी पाठ्यक्रम सहगामी कार्यक्रमों में पूर्ण तत्परता एवं मनोयोग से सतत अपना सक्रिय योगदान महाविद्यालय गतिविधियों को सफल बनाने में प्रदान कर रही हैं।

शैक्षणिक सत्र: 2023-24 में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर एवं एक सप्त दिवसीय विशेष शिविर एवं अन्य प्रमुख अवसरों एवं दिवसों पर विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सत्र के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों द्वारा नियमित प्रशिक्षण और परीक्षाओं के अतिरिक्त विभिन्न राष्ट्रीय और सामाजिक सरोकारों में सहभागिता हेतु विविध आयोजन और कार्यक्रम किए गए।

माह जून, 2023 में शासन की मंशानुरूप महाविद्यालय में एक हफ्ते का योग शिविर 17 जून से 21 जून 2023 तक लगाया गया, जिसमें  छात्राओं ने नियमित रूप से महाविद्यालय में योग किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में बहुत भारी संख्या में महाविद्यालय की




छात्राओं, प्राध्यापकों व शिक्षणेत्तर  वर्ग के कर्मचारियों ने योग का अभ्यास किया।












**<u>योग सप्ताह,2023</u>**



GPS Map Camera
Meerut, Uttar Pradesh, India
2, Madhav Puram, Meerut, Uttar Pradesh 250002, India
Lat 28.956937°
Long 77.69353°
21/06/23 07:44 AM GMT +05:30
Google




राष्ट्रीय सेवा योजना




राष्ट्रीय सेवा योजना
HAHEED MANGAL PANDEY GOVT. GIRLS
PG) COLLEGE, MADHAVPURAM, MEERUT
DEPARTMENT OF PHYSICAL EDUCATION
GPS Map Camera
Meerut, Uttar Pradesh, India
2, Madhav Puram, Meerut, Uttar Pradesh 250002, India
Lat 28.956937°
Long 77.69353°
21/06/23 07:46 AM GMT +05:30
Google

<u>**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2023**</u>

01 से 07 जुलाई, 2023 को महाविद्यालय में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर सत्र आरंभ किया गया। दिनांक 07 जुलाई, 2023 से दिनांक 09 जुलाई, 2023 तक शासन की मंशानुरूप, गूंज सेवा समिति, मेरठ एवं ग्रीन वैली संस्था, मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 200 फलदार , छायादार एवं फूलदार पौधे माधवपुरम सेक्टर 01,02, लिसाड़ी गांव व नूरनगर में




लगाए गए । सभी ने इस अवसर पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।



दिनांक 19.7.2023 को शासन द्वारा संचालित जल संरक्षण जागरूकता अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन जल संरक्षण विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने "**जल बचाओ कल बचाओ**"जैसे स्लोगन लिखकर लोगों को जल के महत्व के विषय में बताया। दिनांक 25/07/23 को लोगों को सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना से बचाव हेतु एक जन जागरूकता रैली निकाली गई , जिसे महाविद्यालय प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर माधवपुरम सेक्टर 01,02 एवं 03 से होती हुई महाविद्यालय में आकर समाप्त हुई । प्रो. लता कुमार, सड़क सुरक्षा , नोडल अधिकारी ने सड़क सुरक्षा संकेतन के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की । 09 अगस्त, 2023 को **आजादी का अमृत महोत्सव** के अंतर्गत "**मेरी माटी मेरा देश**" कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वयं सेविकाओं ने भारत भूमि की मिट्टी को हाथों में लेकर शपथ ग्रहण की और हाथ में मिट्टी लेकर सेल्फी खींचने की गतिविधि में बेहद उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सब बड़े भाग्यशाली हैं कि हमने अपनी भारत भूमि में जन्म लिया है व अपनी भारत भूमि के प्रति अपने दायित्व व कर्तव्य को पहचान कर हमें इसमें सतत योगदान देना ही पड़ेगा, तभी समाज व देश का विकास संभव होगा। दिनांक 10 अगस्त, 2023 को शासनादेश के अनुपालन में **आजादी का अमृत महोत्सव** कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति गीत गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका प्रमुख उद्देश्य था कि आजादी अपने आप में एक बड़ा उत्सव है और उसे हम सबको मिलकर मनाना चाहिए। कु. अंशु, स्वाति ,तनीषा , एलिस, साक्षी, रविता, अनम व आरती ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किए। दिनांक 10 सितंबर, 2023 को पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा **आत्महत्या रोकथाम** विषय पर जागरूकता ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, मुख्य वक्ता क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि आत्महत्या का मुख्य कारण तनाव है, बातचीत से तनाव कम करके आत्महत्या को रोका जा सकता है। क्लब निदेशक श्री आयुष





एवं श्री पीयूष गोयल ने कहा कि जीवन अनमोल है, हमें चुनौतियों को स्वीकार करते हुए जीवन जीना चाहिए।

दिनांक 02 अक्टूबर, 2023 को गांधी जयंती के अवसर पर स्वयं सेविकाओं द्वारा अपने घरों से बिना उपयोग वाले फालतू पड़े हुए सामान एकत्र कर उसे गरीब लोगों में पहुंच कर उनकी सहायता करने का प्रयास स्वयंसेविकाओं के द्वारा किया गया, इस काम में कु. जोहा, कु.







राधिका, कु. रोहिणी , कु. साक्षी ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।




16 अक्टूबर, 2023 को NPHCE (नेशनल प्रोग्राम फॉर हेल्थ केयर ऑफ एल्डरली पीपल) कार्यक्रम के अंतर्गत **विश्व वृद्ध जन्** दिवस पर दोनों इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिला महिला चिकित्सालय की ओर से डॉ. विनीत शर्मा, समाजसेवी और मनोचिकित्सक, डॉ. विभा नागर ने कहा कि हमें अपने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सही जीवन यापन के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहना होगा और इसके लिए हमें हमेशा सकारात्मक रहना चाहिए। गोष्ठी में वृद् जनों की गरिमा एवं महत्व, उनकी मानसिक दशा पर चर्चा की गई। दिनांक 31 अगस्त, 2023 को **सड़क सुरक्षा क्लब** की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की छात्राओं के लिए स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कु. रेखा ने प्रथम स्थान, कु. तनु ने द्वितीय स्थान एवं कु. वैशाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता के पश्चात सभी ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ ग्रहण की।

दिनांक 16 नवंबर, 2023 से 19 नवंबर 2023 तक महाराणा प्रताप प्रांगण, मेरठ में महर्षि दयानंद सरस्वती जन्म शताब्दी समारोह में स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रतिभागिता की गई। जन्म शताब्दी समारोह में स्वयंसेविकाओं ने महर्षि दयानंद सरस्वती के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। दिनांक 19 नवंबर से 25 नवंबर,2023 तक **कौमी एकता सप्ताह** मनाया गया, जिसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया, कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विषयगत प्रतियोगिताओं जैसे पोस्टर, स्लोगन, रंगोली, निबंध, भाषण, आशु भाषण, गीत गायन का आयोजन किया गया ।











जिसमें छात्राओं ने बेहद उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। दिनांक 22 नवंबर,2023 को सड़क सुरक्षा रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय स्तर पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय सड़क सुरक्षा जागरूकता रहा जिसमें लगभग विभिन्न संकाय की 45 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दिनांक 12 दिसंबर, 2023 को प्रथम व द्युतीय दोनों इकाइयों का प्रथम एक दिवसीय शिविर माधवपुरम मलिन बस्ती में लगाया गया। शिविर का उद्देश्य छात्राओं में आपसी सौहार्द एवं निस्वार्थ सेवा की भावना विकसित करना रहा । छात्राओं ने पुराने वस्त्र एवं खिलौने वितरित किए साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय प्रांगण की सफाई की ।

# **प्रथम एक दिवसीय शिविर**






दिनांक 20 दिसंबर, 2023 को शासन की योजना **स्वीप** के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में छात्राओं ने बहुत ही सुंदर पोस्टर बनाएं , बी. कॉम. की छात्रा स्वाति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में सही मतदान जागरूकता पैदा करना रहा। दिनांक 21 दिसंबर, 2023 को **सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान** के अंतर्गत प्रैक्टिकल इंप्लीमेंटेशन के अंतर्गत चयनित स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के आसपास एवं के आसपास एक किलोमीटर परिक्षेत्र के अंतर्गत निरीक्षण कार्य किया जिसमें यातायात नियमों का अध्ययन, मार्गो में गड्डे, रोड मार्किंग एवं गति अवरोधक सर्वे किया गया जिसमें 18 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दिनांक 21 दिसंबर, 2023 को शासन के मंशा अनुरूप चलाई गई **विकसित भारत योजना 2047** के अंतर्गत **विषय: विकास की ओर बढ़ता भारत** पर


क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को विकसित होते भारत की कल्पनात्मक तस्वीर को पूर्णतया सार्थक होते देखना रहा, प्रतियोगित में 44 छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा, सबका साथ सबका विकास का सपना तभी सार्थक होगा।


दिनांक 15 जनवरी, 2024 को **स्वीप** के अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने समस्त युवाओं को मतदान के प्रति जिम्मेदार, संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने हेतु अभिप्रेरित किया साथ ही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। **सड़क सुरक्षा क्लब** की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 27 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे 15 छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । बनाए गए पोस्टरों द्वारा लगभग 40 लोगों को जागरूक किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा से बचने के लिए नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना रहा ।

## <u>द्वितीय एक दिवसीय शिविर</u>






दिनांक 25 जनवरी, 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ही इकाइयों का द्वितीय एकदिवसीय शिविर मतदाता जागरूकता से संबंधित महाविद्यालय प्रांगण में लगाया गया। शासन की मंशा अनुरूप मतदाता दिवस के अवसर पर मतदान करने की शपथ दिलाई गई, तत्पश्चात शासन द्वारा निर्देशित, नव मतदाताओं को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अभिभाषण का सजीव प्रसारण महाविद्यालय स्मार्ट कक्षा में किया गया। उसके बाद गणतंत्र पर्व मनाने हेतु स्वयंसेविकाओ ने श्रमदान किया, साथ ही कागज की झंडिया बनाकर तिरंगे की लड़ियां बनाई। 30 जनवरी, 2024 को रोड सेफ्टी क्लब की मासिक गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कु. ऋषिता ने प्रथम, कुमारी आरती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की कुल 15 छात्राओं ने प्रतिभाग कर सड़क सुरक्षा नियमों एवं जागरूकता के संदेश से प्रेरित आकर्षक पोस्टर निर्मित किए । दिनांक 22 जनवरी, 2024 को तृतीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सड़क के नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता फैलाने के लिए स्वयं सेविकाओं ने लोगों को रोक कर उन्हें नियमों का पालन करने के लिए कहा। शिविर के द्वितीय सत्र में 22 फरवरी को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए डॉ. आर. सी. सिंह ने छात्राओं को 22 फरवरी, 1994 को संसद में ध्वनि मत से पारित प्रस्ताव के महत्व पर प्रकाश डाला तथा मानचित्र द्वारा स्वयंसेविकाओं को समझाया व बताया गया।

## <u>तृतीय एक दिवसीय शिविर</u>






दिनांक 19 मार्च, 2024 से 26 मार्च, 2024 के मध्य में दोनों इकाइयों ने सम्मिलित रूप से सप्त दिवसीय विशेष शिविर माधवपुरम सेक्टर 2 एवं 3 में आयोजित किया गया। शिविर के पहले दिन उद्घाटन सत्र में शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अंजू सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष isदीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। शिविर का दूसरा दिन जल की उपयोगिता व जल संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता हेतु समर्पित रहा । पर्यावरण स्वच्छता क्लब के निदेशक श्री आयुष एवं श्री पीयूष ने स्वयंसेविकाओ को अपने स्वयं के जीवन की संघर्ष यात्रा समस्त के साथ साझा की, कि कैसे सेरेब्रल पाल्सी नामक बीमारी से ग्रसित होते हुए सकारात्मक एवं मेहनत कर उच्च शिक्षा प्राप्त की। आहार विशेषज्ञ डॉ. भावना गांधी ने खानपान में जल की उपयोगिता एवं शरीर में पानी की कमी से होने वाले विभिन्न रोगों एवं विभिन्न स्रोतों के बारे में विस्तार से बताया व सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई । तत्पश्चात् जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली गई । तीसरे दिन गूंज सेवा संस्था के सहयोग से छात्राओं एवं माधवपुरम निवासियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया , जिसमें लगभग 165 लोगों ने अपने दांतों का चेकअप करवाया। चेकअप के पश्चात डॉ. प्रेमलता अग्रवाल, जस्ट स्माइल डेंटल क्लिनिक, माधवपुरम सेक्टर 2 ने आम जीवन में दातों के देखरेख पर बहुत ही सरगर्वित, दांतों की सही देखभाल , सही आहार के बारे में ज्ञानपरक तथ्यों की चर्चा की अंत में स्वास्थ्य जागरूकता रैली भी निकाली गई।






















**सप्त दिवसीय शिविर..कुछ झलकियां**

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर.....फोटो गैलरी














शिविर का चतुर्थ दिवस बालिका शिक्षा, महिला अधिकार व सड़क सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता हेतु समर्पित रहा। बौद्धिक सत्र में प्रो . भारती दीक्षित ने बालिका शिक्षा व सुरक्षा पर व्याख्यान दिया, स्वयं







सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के मंचन द्वारा बालिका शिक्षा हेतु लोगों को प्रेरित किया । शिविर का पंचम दिवस मतदाता जागरूकता के प्रति समाज में जागरूकता हेतु समर्पित रहा ।

## <u>मतदाता जागरुकता (सप्त दिवसीय विशेष शिविर)</u>

**नेहरू युवा संगठन, मेरठ** व महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना दोनों इकाइयों के संयोजन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कुमारी आरती, द्वितीय स्थान कुमारी साक्षी एवं तृतीय स्थान कुमारी रीना ने प्राप्त किया। विजई छात्रों को सुश्री श्रुति शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मेरठ और डॉक्टर मेघराज सिंह , जनपद स्वीप समन्वय और  श्री. रवि कुमार, वाटर हीरो के द्वारा प्रमाण पत्र , शील्ड व मग से पुरस्कृत किया गया । छात्राओं  द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को बताया गया कि हमारा एक-एक वोट अमूल्य है, किस प्रकार मतदान देश के विकास में सहायक होता है, उन्होंने आह्वान किया कि मात्र युवाओं के हाथ में ही हमारे देश की दिशा व दिशा निर्भर रहती है। मतदाता जागरूकता रैली तत्पश्चात निकाली गई।  शिविर का छठा दिवस सड़क सुरक्षा , मतदाता जागरूकता सर्वेक्षण के प्रति प्रतिबद्ध रहा जिसमें स्वयं सेविकाओं ने माधवपुरम निवासियों के घर-घर यह पता किया कि कितने लोगों के वोटर कार्ड बने हैं। उन्होने विभिन्न वाहन चालकों को रोकर उन्हें हेलमेट व अन्य सड़क सुरक्षा नियमों से

अवगत कराया गया । पोस्टर पर विभिन्न संकेत चिन्ह बनाकर उन्हें दिखाकर लोगों को जागरूक किया गया, शिविर के सातवें दिन समापन सत्र आयोजित किया गया जिसमें शिविर का समापन प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह के द्वारा किया गया जिसमें छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी , स्वयंसेविकाओं ने एक दूसरे से सप्त दिवसीय शिविर के अनुभव भी साझा किए ।

दिनांक 28 मार्च , 2024 को दोनों इकाइयों का संयुक्त रूप से चतुर्थ एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जिसमें प्राचार्य जी द्वारा समस्त को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। स्थानीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई , रैली के दौरान स्वयं सेविकाओं द्वारा मतदान जागरूकता संबंधी नारे भी लगाए गए, **चुनाव पर्व देश का पर्व** शिविर का प्रमुख उद्देश्य रहा।







**<u>चतुर्थ एक दिवसीय शिविर</u>**

## मतदाता जागरूकता ( मेहंदी मतदान की...)

महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रमों के संचालन के अनुपालन में 13 अप्रैल, 2024 को स्वयं









सेविकाओं ने कैलाश प्रकाश स्टेडियम, मेरठ में आयोजित शासन द्वारा निर्देशित **मेहंदी मतदान की** नामक प्रतियोगिता में उत्साह पूर्व प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में स्वयंसेविकाओं द्वारा मतदान से संबंधित सुंदर मेहंदी लगाकर समस्त को मतदान करने के प्रति अभिप्रेरित करने का प्रयास किया गया। स्वीप कार्यक्रमों के संचालन के अनुपालन में 13 अप्रैल, 2024 को स्वयं सेविकाओं ने कैलाश प्रकाश स्टेडियम, मेरठ में आयोजित शासन द्वारा निर्देशित **मेहंदी मतदान की** नामक प्रतियोगिता में उत्साह पूर्व प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में स्वयंसेविकाओं द्वारा मतदान से संबंधित सुंदर मेहंदी लगाकर समस्त को मतदान करने के प्रति अभिप्रेरित करने का प्रयास किया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना....खबरों में



epaper.livehindustan.com

## कॉलेज में किया गया पौधारोपण

मेरठ। शासन की ओर से चल रहे वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत शहीद मंगल पांडे पीजी कॉलेज में पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय में पौधे लगाए गए।

साथ ही कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर स्वर्णलता कदम, डॉ. पूनम भंडारी, समिति सदस्य डॉ. राधा रानी, डॉ. राजीव कुमार, शिक्षणेत्तर कर्मचारी आयशा, मनोज, मुकेश ने पौधे लगाए। इसके अलावा बताया गया कि महाविद्यालय में एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है।

मेरठ। शासन द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत व वन महोत्सव के दृष्टिगत आज महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय के द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर अंजू सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर स्वर्णलता कदम, डॉक्टर पूनम भंडारी, समिति सदस्य डाक्टर राधा रानी, डॉ० राजीव कुमार, शिक्षणेत्तर कर्मचारी आयशा, मनोज व मुकेश के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण का यह कार्यक्रम जुलाई माह भर महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं के द्वारा संचालित रहेगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों में छायादार ,फलदार व फूलदार वृक्षों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर अंजू सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक संवेदनशील विषय है जिसके प्रति महाविद्यालय सदैव तत्पर रहता है। इस सत्र में भी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा1000 पौधों का पौधारोपण करने का लक्ष्य दिया गया है।

## शहीद मंगल पांडे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ

मेरठ ।आज सोमवार 19 नवंबर को शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर ... देते हुए सभी को सबके दिलो में सभी धर्मो के ...

## जल बचाने को किया जागरूक

मेरठ। जल सरंक्षण जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला महाविद्यालय में जल संर... प्रतियोगि... के निर्देश... प्रो. स्वर्ण...

एक नजर में

शहीद मंगल पांडे कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल छात्राएं • जागरण

## छात्राओं ने निकाली जनजागरूकता रैली

मेरठ : शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में सोमवार को मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के अंतर्गत जनजागरूकता रैली एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी नुपूर गोयल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा व गामिनी सिंगला, स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डा. मेघराज सिंह व प्राचार्य प्रो. अंजू ने की। इसके बाद मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता विषय पर रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिता हुई। गृह विज्ञान विभाग में प्रदर्शनी में छात्राओं ने वंदनवार, दर्पण, रंगोली, दीया, राजस्थानी क्राफ्ट वस्तुएं बनाईं।

## हुआ एकदिवसीय शिविर का आयोजन

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महाविद्यालय मेरठ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के तृतीय एकदिवसीय शिविर में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो.स्वर्ण लता कदम के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रथम इकाई के संयुक्त रूप से संकल्प दिवस, पार्लियामेंट रेजोल्यूशन 22 फरवरी 1994, विषय पर अंतःविषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. भारती दीक्षित एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो.स्वर्ण लता कदम के द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह तथा मुख्य वक्ता का औषधिय तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य वक्ता राजनीति शास्त्र विभाग शहीद मंगल पांडे महाविद्यालय, मेरठ से डॉ. आरसी सिंह रहे। मुख्य वक्ता के द्वारा 22 फरवरी 1994 को संसद में ध्वनि मत से पारित प्रस्ताव की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा मानचित्र के द्वारा छात्राओं को बहुत ही सरल व स्पष्ट तरीके से इस विषय से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाएं स्वाति दीक्षित, निशी, कुमकुम, रितिका, गीतिका, सुंदरी, प्रतिज्ञा, हरमनदीप, पूजा, मुस्कान, किरण, सलोनी महाविद्यालय परिवार के अधिकांश सदस्य तथा छात्राएं उपस्थित रहे व्याख्यान की समाप्ति के बाद सभी स्वयं सेविकाओ को सूक्ष्म जलपान वितरित किया गया।



DAILY NEWS F1RST TODAY

दैनिक न्यूज फर्स्ट टुडे

## जल संरक्षण सबका कर्तव्य और जिम्मेदारी : गोयल

मेरठ (प्र)। शहीद मंगल पांडे महिला डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विश्व जल दिवस के अवसर पर जीवन में जल का महत्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह, मुख्य अतिथि डाइटिशियन डॉ. भावना गांधी एवं क्लब निदेशक आयुष और गोयल पीयूष गोयल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। आयुष गोयल व पीयूष गोयल ने कहा जल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है। डाइटिशियन डॉ. भावना गांधी ने बताया व्यक्ति को आठ गिलास पानी प्रतिदिन पीना चाहिए। सुबह सो कर उठते ही पानी पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। पुरुषों को प्रतिदिन साढ़े तीन लीटर और महिलाओं को ढ़ाई लीटर पानी पीना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्वर्णलता कदम ने छात्राओं को जल संरक्षण का महत्व बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पूनम भंडारी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। डॉ. आर.सी. सिंह, डॉ. सतपाल राणा, डॉ मनीष भूषण, डॉ. दीपा गुप्ता, मनीष कुमार उपस्थित रहे।



न्यूज कैप्सूल

## स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता रैली निकाली

शहीद मंगल पांडेय कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल शिक्षिकाएं। संवाद

मेरठ। शहीद मंगल पांडेय महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई द्वारा सप्त दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह और विशिष्ट अतिथि आईक्यूएसी समिति की समन्वयक प्रो. लता कुमार ने किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। मुख्य अतिथि प्राचार्या प्रो. अंजू ने स्वयं सेविकाओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. लता कुमार ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमों की उपादेयता के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. स्वर्णलता कदम ने शिविर की कार्य विधि से अवगत कराया। संवाद



दैनिक मेरठ सिटी हलचल

खबर का होता है असर

## सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन

मेरठ सिटी हलचल संवाददाता

मेरठ। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह के निर्देशन व कार्यक्रम अधिकारी प्रो. स्वर्णलता कदम और डॉ. पूनम भंडारी के संयोजन में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्राचार्य कार्यक्रम में उपस्थित रही। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की IQAC समिति की समन्वयक प्रो. लता कुमार की सहभागिता रही। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उनका माल्यार्पण मुख्य अतिथि और समिति सदस्यों द्वारा किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के प्रस्तुति दी गई और समस्त के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का गायन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य ने " मैं नहीं बल्कि तुम" की भावना की चर्चा की व वर्तमान समय में इस भावना व विचार की सार्थकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समस्त स्वयं सेविकाओं का आह्वान किया वह उन्हें निस्वार्थ समाज सेवा के प्रति अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रो. लता कुमार ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रमों की उपादेयता के बारे में विस्तार से बताया वह कहा कि किस प्रकार सातों ही दिवसों में हम अलग-अलग लक्ष्यों के साथ बढ़ते हैं जो की सामाजिक सौहार्द व भाईचारे का संदेश समाज के अलग-अलग कोनों में पहुंचाते हैं। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को निस्वार्थ भाव से सामाजिक कार्यों में प्रतिभागिता की बात भी कहीं। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. स्वर्णलता कदम द्वारा समस्त को शिविर की कार्य विधि से अवगत कराया गया। वहीं, द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम भंडारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्रथम दिवस में समस्त स्वयंसेविकाओं को विभिन्न टोलियों में वर्गीकृत किया गया। इसके बाद समस्त ने श्रमदान कर शिविर स्थल व आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई की। श्रमदान के पश्चात स्वयंसेविकाओं व समिति सदस्यों द्वारा माधवपुरम सेक्टर 1 में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिससे स्वयं सेविकाओं ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाए और स्थानीय जनमानस को सफाई का संदेश दिया। रैली माधवपुरम सेक्टर 1 से होते हुए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के कार्यालय परिसर से होते हुए सेक्टर 2 व 3 से आकर शिविर स्थल पर समाप्त हुई। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी परिसर में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. ज्ञानप्रकाश ने स्वयं सेविकाओं से मुलाकात की व उन्हें उनके शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। रैली के बाद समस्त स्वयं सेविकाओं व समिति सदस्यों ने एक साथ मिलकर जलपान ग्रहण किया। कार्यक्रम में प्रो. मोनिका चौधरी, प्रो. अनिता गोस्वामी, डॉ. राधारानी, डॉ. आर. सी. सिंह, डॉ. शालिनी वर्मा, डॉ. विकास कुमार, डॉ. आवेश कुमार, डॉ. मनीषा भूषण, डॉ. दीपा गुप्ता, डॉ. पारूल, डॉ. नरेंद्र, डॉ. सोशल , डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. नीता सक्सेना व डॉ. नेहा का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई समय-समय पर मतदाता जागरूकता, रोड सेफ्टी क्लब , पर्यावरण क्लब के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करती रही है, सभी

गतिविधियों के आयोजन एवं शिविरों के सफल संचालन में समिति सदस्यों का सक्रिय एवं अमूल्य योगदान रहा है।

प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह डॉ. पूनम भंडारी

प्राचार्य कार्यक्रम अधिकारी

राष्ट्रीय सेवा योजना( द्वितीय इकाई)

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई समय-समय पर मतदाता जागरूकता, रोड सेफ्टी क्लब , पर्यावरण क्लब के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करती रही है, सभी गतिविधियों के आयोजन एवं शिविरों के सफल संचालन में समिति सदस्यों का सक्रिय एवं अमूल्य योगदान रहा है।

प्रो. (डॉ.) अंजू सिंह प्रो. स्वर्णलता कदम

प्राचार्य कार्यक्रम अधिकारी

राष्ट्रीय सेवा योजना( द्वितीय इकाई)

एलएलएम